सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-25
13/01/2017

मुख्यमंत्री ने पारस अस्पताल जाकर केन्द्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान का कुशलक्षेम पूछा

पटना, 13 जनवरी 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज केन्द्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान का कुशलक्षेम जानने पारस अस्पताल पहुँचे। पारस अस्पताल के आई0सी0यू0 यूनिट पहुँचकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान से उनका हालचाल जाना और उनकी धर्मपत्नी एवं उनके पुत्र श्री चिराग पासवान से भी बातचीत की। उन्होंने चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों से इलाज के बारे में अद्यतन जानकारी ली।

पारस अस्पताल के आई0सी0यू0 यूनिट में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इलाजरत आद्रि के सदस्य सचिव श्री शैवाल गुप्ता से मुलाकात की तथा उनका हालचाल पूछा।

******